भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2864

**दिनांक 18 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**तमिलनाडु में विशेष आर्थिक क्षेत्र**

2864 . **डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियनः**

क्या **वाणिज्य** और उद्योग मंत्री **यह** बताने की कृपा **करेंगे** कि:

(क) क्या यह सच है कि तमिलनाडु में संचालित विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) की संख्या सबसे अधिक है;

(ख) क्या सरकार ने चेन्नई दक्षिण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में किसी विशेष आर्थिक क्षेत्र के विकास की पहल की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा कुल निर्यात में तमिलनाडु की हिस्सेदारी कितनी है; और

(घ) क्या सरकार की तमिलनाडु राज्य में विनिर्माण और निर्यात विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क): तमिलनाडु राज्य में कुल 58 विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिसूचित हैं, जिनमें से 49 विशेष आर्थिक क्षेत्र संचालित हैं। देश में संचालित एसईजेड की कुल संख्या 276 है।

(ख) से (ड.): देश में विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 और विशेष आर्थिक क्षेत्र नियम, 2006 के तहत स्थापित एसईजेड, जिसमें दक्षिण चेन्नई संसदीय क्षेत्र भी शामिल है, मुख्य रूप से निजी निवेश द्वारा संचालित पहलें हैं जिन्हें केंद्र सरकार, राज्य सरकार या किसी भी व्यक्ति द्वारा संयुक्त या स्वतंत्र रूप से स्थापित किया जा सकता है। एसईजेड की स्थापना के प्रस्तावों को संबंधित राज्य सरकार की सिफारिश पर अनुमोदन बोर्ड (बीओए) द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

विगत तीन वर्षों में विशेष आर्थिक क्षेत्रों से कुल निर्यात में तमिलनाडु का हिस्सा निम्नवत है:

| क्र. सं. | वर्ष | विशेष आर्थिक क्षेत्रों से कुल निर्यात (करोड़ रुपये में ) | तमिलनाडु में स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्रों से कुल निर्यात (करोड़ रुपये में ) | विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) से देश के कुल निर्यात में तमिलनाडु के निर्यात का % हिस्सा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2021-22 | 9,90,747 | 1,36,329 | 14% |
| 2. | 2022-23 | 12,63,578 | 1,72,580 | 14% |
| 3. | 2023-24 | 13,55,220 | 1,77,930 | 13% |

*आंकड़ो का स्रोत: एनएसडीएल

*****